तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 8 अक्टूबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 कोरबा और करतला ब्लॉक में शिक्षकों के लिए बनेंगे रेसिडेंसियल हॉस्टल




## खबर संक्षेप

### टीएल प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समय पर होः आयुक्त

**कोरबा।** समीक्षा बैठक के दौरान निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने कलेक्टर टीएल, निगम टीएल, जनचौपाल, सीएम जनदर्शन, निदान 1100, पीजीएन प्रकरण सहित जनशिकायतों व जनसमस्याओं से जुडे. प्रकरणों के निराकरण संबंधी कार्यवाही की बिन्दुवार समीक्षा की। निगम आयुक्त ने सभी प्रकरणों का निर्धारित समय पर संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में श्री पाण्डेय ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन तथा स्वच्छता ही सेवा अभियान आदि की भी समीक्षा की। उन्होंने पीएम स्वनिधि योजना के लंबित ऋण प्रकरणों के निराकरण के लिए संबंधित बैंकों की बैठक लेने तथा स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत किए गए कार्यो को योजनाबद्ध रूप से पुनः रिवाईज करने तथा लगातार इस पर काम करने के संबंध में भी अधिकारियों का मार्गदर्शन किया।

### रिकांडो रोड में ग्रीनबेल्ट व दर्री में वेंडिंग जोन की तैयारी

**कोरबा।** निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने शहर के महाराणा प्रताप चौक बुधवारी से गुरूघासीदास चौक की ओर जाने वाले रिकांडो रोड में सड़क के एक ओर ग्रीनबेल्ट विकसित करने एवं दूसरी ओर दुकानों को व्यवस्थित कर उक्त सम्पूर्ण मार्ग को विकसित व सुव्यवस्थित किए जाने के संबंध में आवश्यक कार्ययोजना तैयार करने के लिए अधिकारियों को निर्देशत किया। इसी प्रकार दर्री क्षेत्र में सुव्यवस्थित वेंडिंग जोन निर्मित व विकसित किए जाने का प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने ध्यानचंद चौक में अनियंत्रित रूप से लगने वाले ठेला गुमठी आदि को व्यवस्थित करने तथा बुधवारी स्थित पौनी पसारी मैदान में निर्माणाधीन पालिका बाजार से जुडे.कार्यो को समयसीमा के अंदर पूर्ण किए जाने हेतु भी अधिकारियों को निर्देशित किया।

### रिक्त पदों पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कोरबा शहरी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के 3-3 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु आवेदन 8 अक्टूबर से मंगाया गया है। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 22 अक्टूबर निर्धारित है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं एवं सहायिका पद के लिए शैक्षणिक योग्यता 8वीं निर्धारित है। आवेदिकाओं को संबंधित वार्ड की निवासी होना अनिवार्य है जिसके लिए आवेदन किया जा रहा है। आवेदन पत्र पर पद एवं केन्द्र का नाम का स्पष्ट उल्लेख करना आवश्यक होगा। आवेदिकाओं की आयु 18 से 44 वर्ष के बीच होना आवश्यक है। इच्छुक आवेदिकाएं निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन सीधे अथवा साधारण/पंजीकृत डाक के माध्यम से परियोजना कार्यालय में प्रातः 10 से शाम 5 बजे तक कार्यालयीन दिवस में जमा कर सकते है। आवेदन की शर्ते तथा प्रारूप परियोजना कार्यालय, नगर निगम के सूचना पटल एवं सभी संबंधित वार्डो के आंगनबाड़ी के सूचना पटल पर उपलब्ध है। वार्डवार कार्यकर्ता व सहायिका के रिक्त पदों की जानकारी एवं नियुक्ति के संबंध में अन्य आवश्यक जानकारी परियोजना कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

### बुनकर सहकारी समिति का सम्मेलन 11 को

**कोरबा।** विकासखंड पाली के सर्वमंगला बुनकर सहकारी समिति मर्यादित पुलालीकला हेतु संचालक मण्डल के सदस्यों के निर्वाचन हेतु निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया है। जिसके अंतर्गत 11 अक्टूबर को सोसायटी की विशेष साधारण सम्मेलन में प्रातः10 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान एवं मतदान के एक घंटे के बाद समिति कार्यालय में मतगणना आयोजित की जाएगी।

# प्रवासी पक्षी का शिकार, ग्रामीण के घर छापा, एक पक्षी मिला मृत, दूसरा जिंदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

विदेश से आने वाले प्रवासी पक्षी एशियन ओपन बिल स्टार्क हर साल लंबी उड़ान भरकर मई के महीने में कनकी पहुंचते हैं। उन प्रवासी पक्षियों का ग्रामीण शिकार भी करने लगे हैं। नया मामला कनकी में सामने आया है जहां एक युवक द्वारा तीन प्रवासी पक्षियों को गुलेल से मारकर उनका शिकार किया गया था और खा भी रहा था। इसकी सूचना मिली तो वन विभाग की टीम ने युवक के घर में छापामारी की कार्रवाई की। जहां उसके घर से एक मृत अवस्था व एक जीवित अवस्था में दो प्रवासी पक्षियों को जप्त किया गया है। मामले में आरोपियों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### हर वर्ष मई में बड़ी संख्या में आते हैं कनकी

**खास बात**

- घटना में आरोपी युवक के खिलाफ वन अधिनियम के तहत की गई कार्रवाई



करतला वन परिक्षेत्र के अंतर्गत सण्डेल परिसर के ग्राम कनकी (कनकेश्वर धाम) में घोंघिला पक्षी (एशियन ओपन बिल स्टार्क) की शिकार के संबंध में मुखबिरों से सूचना मिली। सूचना मिलते ही परिसर वन अधिकारी कपिल कुमार कंवर, परिसर सण्डेल द्वारा वन परिक्षेत्र अधिकारी रघुनाथ सिंह राठिया को सूचना दिया गया। सूचना पाते ही वन परिक्षेत्र अधिकारी द्वारा मौकास्थल पर जाकर ग्राम कनकी के मंदिर मुहल्ला धनुहार पारा निवासी समार सिंह धनवार उम्र लगभग 20 वर्ष पिता दिलहरण धनवार ने पूछताछ करने पर उसने बताया कि उसके द्वारा 6 अक्टूबर की दोपहर 2 बजे के आसपास मंदिर के पीछे से गुलेल से 3 नग घोंघिला पक्षी (एशियन ओपन बिल स्टार्क) को मारकर 1 नग पक्षी को सब्जी बनाकर खाया और 2 नग पक्षी अपने घर पर रखना बताया। अपराधी के घर का निरीक्षण करने पर 1 नग पक्षी मरा हुआ पडा था एव 1 नग पक्षी जीवित था जिसका बाया पैर टूटा व खून से सना हुआ था। उपवनमण्डलाधिकारी सूर्यकांत सोनी के निर्देशानुसार अपराधी समार सिंह के विरुद्ध वन विभाग के अधिकारी द्वारा अपराध दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां से उसे न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है। उक्त कार्यवाही के दौरान वन परिक्षेत्र अधिकारी रघुनाथ सिंह राठिया, कपिल कुमार कंवर, परिसर वन अधिकारी सण्डेल, विजयेन्द्र कुमार नेटी, परिसर वन अधिकारी महोरा, हरिनारायण बंजारे, परिसर वन अधिकारी बरपाली एवं वैद्यराज बिंझवार, परिसर प्रभारी पहाडगांव उपस्थित थे।

### उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत बरपाली के समीप हाईवे में हुआ हादसा

# दो बाइक में भिड़ंत सीएएफ के जवान सहित दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



घटनास्थल में लगी आम लोगों की भीड़।

जिले में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। उरगा-चंपा मुख्य मार्ग में दो मोटरसाइकिल के बीच आमने-सामने भिड़ंत हो जाने से सीएएफ के जवान सहित दो लोगों की मौत हो गई है जबकि मोटरसाइकिल में सवार तीसरे युवक को गंभीर अवस्था में मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया। हादसे की वजह से यातायात व्यवस्था कुछ देर के लिए बाधित हो गई थी। हादसे की सूचना मिलते ही उरगा पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल भेजा गया और किसी तरह यातायात व्यवस्था को सुचारू से पुनः चालू कराया गया।

जानकारी के अनुसार उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत मड़वारानी बटालियन में पदस्थ सीएएफ का जवान पुष्पेंद्र सिंह उम्र लगभग 35 वर्ष मोटरसाइकिल में सवार होकर किसी काम से गया हुआ था। जहां शाम लगभग 6 बजे वह बरपाली के समीप पहुंचा था कि विपरीत दिशा से आ रही सीतामढ़ी निवासी दीपक कुमार पिता तुलाराम की मोटरसाइकिल दोनों की बीच आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सीएएफ के जवान पुष्पेंद्र सिंह की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे मोटरसाइकिल में सवार मोतीसागरपारा निवासी दीपक कुमार सारथी व भूषण रोहिदास गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी दलबल सहित मौके पर पहुंचे और तत्काल गंभीर रूप से घायल दीपक व भूषण रोहिदास को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत भूषण रोहिदास को मृत घोषित कर दिया। सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है जबकि तीसरा युवक गंभीर रुप से घायल है।

### सतरेंगा में पर्यटक हुए हादसे का शिकार, 5 घायल

सतरेंगा में पर्यटक झील किनारे बैठकर भोजन कर रहे थे, तभी पास में खड़ा चारपहिया वाहन अचानक चल पड़ा और सीधा लोगों पर जा चढ़ा। इस हादसे में लगभग पांच लोग घायल हो गए हैं। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल घायलों को बाल्को अस्पताल पहुँचाया, जहाँ उनका उपचार जारी है।

# कोल इंडिया और सीएमडीसी अब राज्य में मिलकर खोजेंगे क्रिटिकल खनिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




फाइल फोटो

देश की अग्रणी कोयला खनन कंपनी कोल इंडिया ने छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम लिमिटेड (सीएमडीसी) के साथ एक मेमोरेंडम आफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) साइन किया है। इस समझौते के तहत दोनों मिलकर छत्तीसगढ़ के प्रमुख क्षेत्रों में महत्वपूर्ण और अन्य रणनीतिक खनिजों की खोज और खनन करेंगे। इसके लिए राज्य के चार जिलों का चयन भी किया गया है, जहां महत्वपूर्ण खनिजों की खोज की जाएगी।

**खास बातें**

- कोल इंडिया और राज्य खनिज विकास निगम के बीच हुआ समझौता
- समझौते के बाद अब बदलेगा राज्य व देश का माइनिंग सेक्टर

कोल इंडिया और छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम लिमिटेड ने एक गैर-बाध्यकारी एमओयू साइन किया है। यह समझौता खनिजों की खोज और दोनो पक्षों की रूचि के खनिजों के खनन में सहयोग को लेकर किया गया है। इस एमओयू का उद्देश्य खनिज विकास में संयुक्त प्रयासों को मजबूत करना है। दोनों कंपनियां राज्य में महत्वपूर्ण और अन्य रणनीतिक खनिजों की खोज और खनन पर मिलकर काम करेंगी। राज्य के चार जिलों में इस पर काम किया जाएगा, जिसमें कोरबा, रायगढ़, बस्तर, सरगुजा शामिल है। कोल इंडिया जो दुनिया की सबसे बड़ी उत्पादन कंपनी है अब रेयरअर्थ के नए क्षेत्र में कदम रख रही है, यह समझौता कंपनी की डावर्सिटी रणनीति का हिस्सा है, जिसके तहत वह अब देश की ऊर्जा सुरक्षा और स्वावलंबन की दिशा में क्रिटिकल वैक्स की आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत बनाने पर ध्यान दे रही है। इससे पहले कंपनी ने आईआरईएल इंडिया लिमिटेड के साथ क्रिटिकल रिकार्ड के विकास पर समझौता किया था। साथ ही छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के ग्रेफाईट ब्लॉक्स की नीलामी में भी भाग लिया था। विशेषज्ञों की मानें तो इल्म, कोबाल्ट, निकेल, ग्रेफाईट, रेयर अर्थ, एलिमेंट्स जैसे क्रिटिकल अर्थ आने वाले देश के इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी निर्माण और अक्षय ऊर्जा के लिए बेहद अहम साबित होंगे। केन्द्र सरकार पहले ही 30 खनिजों को क्रिटिकल की सूची में शामिल कर चुकी है और सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों के साथ साथ सामूहिक समृद्ध और रिसायकलिंग में भी साझेदारी के लिए कर रही है। इस समझौते से न केवल राज्य में खानिजों को नया आयाम मिलेगा बल्कि देश के आयात, उद्योग और संकट की दिशा में भी बड़ा कदम साबित होगा।

9 सितंबर को कोल इंडिया ने एनएसटीएफडीसी के साथ एक समझौता किया था, जिसके तहत चार राज्यों के 76 एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूलों में इंफ्रास्ट्रक्चर को अपग्रेड करने और क्षमता निर्माण का काम किया जाएगा। कोल इंडिया ने पिछले एक हफ्ते में 2.06 प्रतिशत का रिटर्न दिया, पिछले छह महीनों में 1.95 प्रतिशत की बढ़त हासिल की, और पिछले एक साल में 20.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की।

# बिभास घटक बने एनटीपीसी कोरबा के परियोजना प्रमुख



**कोरबा।** बिभास घटक को एनटीपीसी कोरबा के परियोजना प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया है। इससे पूर्व वे एनटीपीसी कोरबा में मुख्य महाप्रबंधक (संचालन एवं अनुरक्षण) के पद पर कार्यरत थे। श्री घटक ने 37 वर्षों से अधिक के अपने समृद्ध करियर में विद्युत संयंत्र संचालन और अनुरक्षण के क्षेत्र में गहरा अनुभव प्राप्त किया है।

उन्होंने एनटीपीसी की कई प्रमुख परियोजनाओं में नेतृत्वकारी भूमिकाएं निभाईं और अपने अनुभव एवं प्रबंधन कौशल के माध्यम से संगठन की परिचालन दक्षता और प्रदर्शन मानकों को सशक्त बनाया है। कोरबा में पदभार ग्रहण करने से पूर्व, श्री घटक ने एनटीपीसी झाबुआ और एनएसपीसीएल-भिलाई में ओ एंड एम प्रमुख के रूप में कार्य किया, जहाँ उनके नेतृत्व में संयंत्र की परिचालन उत्कृष्टता और विश्वसनीयता में उल्लेखनीय सुधार हुआ। कलकत्ता विश्वविद्यालय से यांत्रिक अभियंत्रण में स्नातक, श्री घटक ने 1988 में एनटीपीसी में एक्जीक्यूटिव ट्रेनी के रूप में अपनी सेवा यात्रा शुरू की। उन्होंने सिंगरौली, झज्जर, कहलगांव, विंध्याचल, पीएमआई नोएडा, झाबुआ और भिलाई जैसी प्रमुख इकाइयों में कार्य करते हुए एनटीपीसी के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सुरक्षा, अनुबंध प्रबंधन, स्थिरता, फ्ल्यू गैस डीसल्फराइजेशन, ऊर्जा प्रबंधन और सतर्कता जैसे विषयों में विशेषज्ञ प्रशिक्षण प्राप्त कर, श्री घटक ने हमेशा सतत सीखने और उत्कृष्टता के सिद्धांत को अपनाया है। एनटीपीसी कोरबा (2,600 मेगावाट) के परियोजना प्रमुख के रूप में, श्री घटक संचालन और अनुरक्षण के सभी पहलुओं का नेतृत्व करेंगे, जिसमें सुरक्षा, दक्षता, पर्यावरणीय स्थिरता और सामुदायिक सहभागिता पर विशेष ध्यान रहेगा।एनटीपीसी कोरबा को विश्वास है कि उनके नेतृत्व में परियोजना नई ऊंचाइयों को छूएगी और एनटीपीसी के मिशन देश को विश्वसनीय, किफायती एवं सतत ऊर्जा उपलब्ध कराना को और मजबूती मिलेगी।

# कोल इंडिया के सीवीओ ने किया दीपका खदान का निरीक्षण, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



अधिकारियों को निर्देश देते सीवीओ।

एसईसीएल दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को कोल इंडिया लिमिटेड के मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने एसईसीएल दीपका क्षेत्र का दौरा किया। श्री त्रिपाठी ने क्षेत्र के प्रमुख विभागाध्यक्षों के साथ बैठक की और माइन व्यू पॉइंट का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने क्षेत्र की विस्तृत माइन योजना के माध्यम से चल रहे खनन कार्यों एवं भावी योजनाओं की समीक्षा की।

**खास बात**

- माइन व्यू प्वाइंट का निरीक्षण कर खदान कार्यों एवं भावी योजनाओं की समीक्षा की

एसईसीएल दीपका क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान कोल इंडिया के सीवीओ ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने एक पेड़ माँ के नाम एवं एक पेड़ सतर्कता के नाम अभियान के अंतर्गत नए साइलो परिसर के निकट एक पौधरोपण किया। पौधरोपण के दौरान श्री त्रिपाठी ने दीपका में पर्यावरण का काम संभाल रही पर्यावरण प्रबंधक सुश्री कीर्ति केजी से भी संवाद किया और उद्योग में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी एवं सशक्तिकरण की सराहना की। खदान निरीक्षण के पश्चात श्री त्रिपाठी ने दीपका, गेवरा, कुसमुण्डा एवं कोरबा क्षेत्रों के अधिकारियों के साथ एक संवाद सत्र में भाग लिया। उन्होंने कहा कि आज प्रत्येक कोल इंडियन देश की प्रगति का सशक्त आधार है। उन्होंने सभी से निडर होकर, भय त्याग करके काम करने को कहा। अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए श्री त्रिपाठी ने अपने प्रेरक नारे जो जीता वही कोल इंडियन को दोहराया और सभी को सतर्कता, उत्कृष्टता एवं ईमानदारी के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। दौरे के दौरान एन फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक तकनीकी (संचालन), हिमांशु जैन मुख्य सतर्कता अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### 9 अक्टूबर को विद्युत कंपनी मुख्यालय का होगा घेराव, आमसभा व प्रदर्शन

# बिजली कर्मचारी महासघं के आंदोलन को मिला डिप्लोमा अभियंता संघ का समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बैठक में शामिल बिजली कर्मचारी संघ के सदस्य।

भारतीय मजदूर संघ से संबंध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ के द्वारा जारी चरणबद्ध आंदोलन को प्रदेश भर के विभिन्न संगठनों का समर्थन प्राप्त हो रहा है। जिसके तहत संविदा कर्मचारी संघ के साथ-साथ आज डिप्लोमा अभियंता संघ का भी समर्थन प्राप्त हुआ है।

उल्लेखनीय है कि महासंघ के द्वारा बिजली कर्मचारियों को राज्य सरकार की तरह पुरानी पेंशन योजना बहाली, संविदा कर्मियों की नियुक्तिकरण, 3 प्रतिशत तकनीकी भत्ता सहित विभिन्न कर्मचारी समस्याओं व मांगों को लेकर विद्युत कंपनी के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है। जिसके तहत पहले चरण में सभी जिला एवं क्षेत्रीय मुख्यालय में प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया गया। जिसके बाद 1 सितंबर से 30 सितंबर तक मैदानी क्षेत्रों में जनसंपर्क एवं जन जागरण का कार्यक्रम किया गया। वहीं 1 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक कार्यक्षेत्र में काली पट्टी लगाकर कार्य करते हुए विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। महासंघ के महामंत्री नवरतन बरेठ ने कहा है कि विभिन्न मांगों के लिए विद्युत कंपनी प्रबंधन को मांग पत्र दिया गया था, जिस पर प्रबंधन के साथ कई बार बैठक हुई और आश्वाशन दिया गया, लेकिन अभी तक मांग पूरी नहीं हुई है। प्रबंधन के वादाखिलाफी के विरोध में महासंघ द्वारा प्रदेश भर में आंदोलन किया जा रहा है। 9 अक्टूबर को विद्युत कंपनी मुख्यालय में विशाल आमसभा, प्रदर्शन और घेराव किया जाएगा। इसके लिए संविदा कर्मचारी संघ के साथ साथ डिप्लोमा अभियंता संघ का भी समर्थन प्राप्त हुआ है। सभी संगठनों की यह एकजुटता आने वाले 9 अक्टूबर को प्रस्तावित महासंघ के आंदोलन को और अधिक सशक्तता एवं बल प्रदान करेगी। महासंघ का मानना है कि कर्मचारियों के हक और अधिकारों की इस लड़ाई में संगठनात्मक एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है।

# गम्मत व रावण दहन देखना पड़ गया महंगा, दो मोटर सायकल ले उड़े चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के दो अलग अलग थाना व चौकी क्षेत्र में मोटर सायकल चोरी की घटना सामने आयी है। जहां पुलिस ने दोनों ही मामलों में गाड़ी मालिकों की शिकायत पर अज्ञात बाइक चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

**खास बात**

- जटगा चौकी व कोतवाली थाना क्षेत्र में हुई चोरी की वारदात

जटगा चौकी क्षेत्र अंतर्गत केशलपुर निवासी अमरन सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपनी पत्नि मानकुंवर व बच्चों के साथ अपने मो.सा हीरो एच.एफ डिलक्स सीजी 12 बीसी 1970 में बैठकर ग्राम जटगा मे गम्मत देखने गया था। अमरन सिंह अपनी मोटरसायकल को पिपरहीया के घर के सामने खड़ाकर गम्मत देखने गये। गम्मत देखकर घर वापस जाने के लिये रात्रि 1 बजे अपने मोटरसायकल को लेने गया तो देखा पिपरहीया के घर के सामने उसकी मोटरसायकल नही खड़ी था। उसके द्वारा अपनी मोटरसायकल को आसपास खोजबीन की गई लेकिन अमरन सिंह को उसकी मोटरसायकल नहीं मिली। प्रार्थी अमरन सिंह की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। इसी तरह मोटरसायकल चोरी की दूसरी घटना कोतवाली थाना क्षेत्र में घटित हुई है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत ⏭ शेष पेज 3 पर

## खबर संक्षेप



### पीजी कॉलेज में सुमन अध्यक्ष तो सुरेश बने मंत्री

**कोरबा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा लगातार संगठन विस्तार पर कार्य किया जा रहा है। छात्र संगठन विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक निहाल सोनी ने गवर्नमेंट ई.वी.पी.जी कॉलेज में नई कार्यकारिणी गठन को लेकर बैठक आयोजित की थी। बैठक में गवर्नमेंट ई.वी.पी.जी,कॉलेज के छात्र छात्राएं शामिल हुए। नई कार्यकारिणी गठन को लेकर छात्र छात्राओं से चर्चा की गई। जिसके बाद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा गवर्नमेंट ई.वी.पी.जी कॉलेज में नई कार्यकारणी का गठन किया गया। जिसमें सुमन धुरी को अध्यक्ष और और सुरेश पाण्डेय को मंत्री नियुक्त किया गया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक निहाल सोनी ने कॉलेज के नव नियुक्त अध्यक्ष और मंत्री को छात्र हित में कार्य करने का निर्देश दिया है।

### लखनी को मिला राष्ट्रीय सम्मान



**कोरबा।** शासकीय पीजी कॉलेज की पूर्व छात्रा एवं सक्रिय एनएसएस स्वयंसेविका सुश्री लखनी साहू को महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के कर-कमलों द्वारा एमवाई भारत राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें पर्यावरण संरक्षण, रक्तदान, तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में प्रदान किया गया। विशेष उल्लेखनीय है कि जिले के इतिहास में यह पहला अवसर है, जब जिले की किसी स्वयंसेविका को राष्ट्रीय स्तर पर यह प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि ने न केवल कोरबा बल्कि पूरे राज्य को गौरवान्वित किया है। सुश्री लखनी साहू की यह सफलता उनके परिश्रम, सामाजिक संवेदनशीलता और सेवा भावना का परिणाम है। उन्होंने समाज सेवा के क्षेत्र में युवाओं के लिए प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया है और साबित किया है कि समर्पण और संकल्प से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

### जिले में छाया घना कोहरा, प्रकृति ने दिया सुहानी सुबह



**कोरबा।** जिले में लगातार हो रही बारिश के बाद लोगों को प्रकृति ने एक अनोखा तोहफा दिया। सुबह होते ही चारों ओर घना कोहरा छा गया, जिसने पूरे शहर और आसपास के ग्रामीण इलाकों को अपनी सफेद चादर में समेट लिया। यह नजारा देखने लायक था ऐसा लग रहा था की मानो धरती पर बादल उतर आए हों। सुबह-सुबह इस दृश्य ने लोगों का मन मोह लिया। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी अपने-अपने मोबाइल से इस खूबसूरत नजारे को कैमरे में कैद करते नजर आए। वनांचल क्षेत्रों में कोहरा और भी घना दिखा, जिससे वातावरण में ठंडक का अहसास बढ़ गया है। पिछले दिनों हुई लगातार बारिश के कारण तापमान में गिरावट आई है, जिसके चलते सुबह कोहरे का असर देखने को मिल रहा है। लोगों ने इस मौसम का भरपूर आनंद उठाते हुए इसे सुहानी सुबह बताया।

### क्यूआर कोड में दिखेगा गांव का हिसाब-किताब

**कोरबा।** अब कोई भी ग्रामीण अपने गांव के विकास कार्यों में एक-एक रुपए का उपयोग कैसे हो रहा है, घर बैठे मोबाइल से ही उसकी जानकारी ले सकेगा। दुर्ग कलेक्टर कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में यह अभिनव पहल शुरू की गई है। जिले की सभी ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन एवं प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर क्यूआर कोड चस्पा किए जा चुके हैं। इससे न केवल भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी, बल्कि योजनाओं पर जनता का भरोसा भी मजबूत होगा। प्रत्येक माह की 7 तारीख को आयोजित होने वाले रोजगार दिवस में अब से ग्रामीणों को क्यूआर कोड स्कैन कर मोबाइल से ही पंचायत में पिछले तीन वर्षों के सभी स्वीकृत कार्यों, व्यय राशि, प्रगतिरत कार्यों, जॉब कार्डधारियों की संख्या और कुल सृजित मानव दिवस की जानकारी तत्काल मिलेगी। नवाचार के लिए सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे रोजगार दिवस में इस क्यूआर कोड प्रणाली की जानकारी जनसामान्य को दें और जनजागरूकता अभियान चलाएं। ग्रामीण अब घर बैठे अपने मोबाइल से पंचायत की विकास यात्रा की असली तस्वीर देख सकेंगे। रोजगार दिवस के अवसर पर इस नवाचार से हर गांव के लोग सशक्त सहभागी बनेंगे जो अपने गांव के विकास की असली निगरानी करने वाले होंगे।

## मुख्य द्वार का घेराव करने के बाद नारेबाजी करते हुए कार्यालय में हुए दाखिल, किया धरना प्रदर्शन

# लंबित रोजगार सहित अन्य मांगों को लेकर भूविस्थापितों ने घेरा कुसमुंडा कार्यालय






कुसमुण्डा जीएम कार्यालय के सामने धरना देते भूविस्थापित परिवार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ किसान सभा और भूविस्थापित रोजगार एकता संघ के नेतृत्व में एसईसीएल कुसमुंडा खदान से प्रभावित

**खास बात**

- बिलासपुर मुख्यालय में त्रिपक्षीय वार्ता आयोजित कर रोजगार के निराकरण के आश्वासन पर आंदोलन समाप्त

भूविस्थापितों ने लंबित रोजगार, मुआवजा, बसाहट सहित अन्य मांगों को लेकर कुसमुंडा महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव कर दिया। जिसकी वजह से कर्मचारियों का आवागमन बाधित हो गया। इसके बाद भूविस्थापित नारेबाजी करते हुए रैली की शक्ल में कार्यालय में दाखिल हुए और धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। कुछ समय के लिए माहौल तनावपूर्ण हो गया। आनन-फानन में प्रबंधन ने आंदोलनकारियों को वार्ता के लिए बुलाया। कुसमुंडा महाप्रबंध द्वारा 37 साल बाद एक लंबित रोजगार प्रकरण की स्वीकृति मिलने की जानकारी दी। साथ ही सभी रूके फाइलों को एसडीएम कार्यालय भेजने सहित एसईसीएल मुख्यालय में रोजगार प्रकरणों के निकराकरण का आश्वासन दिया, जिसके बाद भूविस्थापितों ने आंदोलन समाप्त किया।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ किसान सभा और भूविस्थापित रोजगार एकता संघ द्वारा एसईसीएल के खदानों से प्रभावित भूविस्थापित किसानों की लंबित रोजगार प्रकरणों का तत्काल निराकरण, बसावट एवं प्रभावित गांव में मूलभुत सुविधा उपलब्ध कराने के साथ 10 सूत्रीय मांग को लेकर कुसमुंडा महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव की चेतावनी दी थी। निर्धारित कार्यक्रम के तहत भूविस्थापितों ने कुसमुंडा कार्यालय का घेराव कर दिया, जिससे मुख्य द्वार से कर्मचारियों का आवागमन बाधित हो गया। मुख्य द्वार पर घंटों तक प्रदर्शन करने के बाद नारेबाजी करते हुए भूविस्थापित रैली की शक्ल में कार्यालय के अंदर दाखिल हुए। जिससे कुछ समय तक कार्यालय का माहौल गरमाया रहा। मामले की सूचना मिलने पर एसईसीएल कुसमुंडा प्रबंधन ने आंदोलनकारियों को वार्ता के लिए बुलाया। वार्ता में समस्याओं का समाधान नहीं होने पर भूविस्थापित कार्यालय के अंदर ही धरना प्रदर्शन पर बैठे रहे। जिसके बाद कुसमुंडा महाप्रबंधक ने 37 साल बाद एक लंबित रोजगार की स्वीकृति प्रदान होने की जानकारी दी एवं रुके हुए फाइलों को एसडीएम कार्यालय भेजने की सहमति दी। साथ ही एसईसीएल बिलासपुर मुख्यालय में त्रिपक्षीय बैठक आयोजित कर रोजगार संबंधी सभी रुके फाइलों पर जल्द निराकरण का आश्वासन दिया, जिसके बाद भूविस्थापितों ने अपना आंदोलन समाप्त कर दिया। किसान सभा के नेता जवाहर सिंह कंवर, सुमेंद्र सिंह कंवर, दीपक साहू ने कहा कि विकास के नाम पर अपनी गांव और जमीन से बेदखल कर दिए गए भूविस्थापित परिवारों का जीवन स्तर सुधरने के बजाय और भी बदतर हो गई है। 40-50 वर्ष पहले कोयला उत्खनन करने के लिए किसानों की हजारों एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया गया था। विकास की जो नींव रखी गई है उसमें प्रभावित परिवारों की अनदेखी की गई है। खानापूर्ति के नाम पर कुछ लोगों को रोजगार और बसावट दिया गया, जमीन किसानों का स्थाई रोजगार का जरिया होता है। सरकार ने जमीन लेकर किसानों की जिंदगी के एक हिस्सा को छीन लिया है। इसलिए जमीन के बदले सभी खातेदारों को स्थाई रोजगार देना होगा। भूविस्थापित किसानों के पास अब संघर्ष के अलावा और कोई रास्ता नहीं बचा है। घेराव में प्रमुख रूप से राजेश्वरी कौशिक, बंधन बाई, तेरस, संजय यादव, दीनानाथ, हरिहर, चंद्रशेखर, होरी, रघुनंदन, मुनीराम, डुमन, राजकुमार, गणेश, विजय कंवर, नरेंद्र, हेमलाल, नारायण, उत्तम, फीरत, नंदकुमार, मिलन, विनोद, शंकर के साथ अन्य भूविस्थापित शामिल थे।

### जमीन अधिग्रहण के बाद रोजगार से नहीं किया जा सकता वंचित

किसान सभा के प्रदेश संयुक्त सचिव प्रशांत झा ने कहा की भू विस्थापितों को जमीन अधिग्रहण के बाद रोजगार से वंचित नहीं किया जा सकता जिनकी भी जमीन अर्जन की गई है उन्हे रोजगार देना होगा। भूविस्थापितों की समस्याओं के निराकरण के लिए एसईसीएल के अधिकारियों द्वारा कोई ठोस पहल नहीं किया जा रहा है जिससे भू विस्थापितों में काफी आक्रोश है। एसईसीएल के अधिकारियों का ध्यान केवल भू विस्थापितों के अधिकारों को छीन कर आपस में लडवाकर केवल कोयला उत्पादन को बढ़ाने और उच्च अधिकारियों को खुश करने की है जिसमें जिला प्रशासन भी एसईसीएल के साथ खड़ी है लेकिन भू विस्थापित किसानों की एकजुटता के सामने कोई प्रबंधन टिकने वाली नहीं है आगे आंदोलन और तेज होगा।

# सिविल सेवा आचरण के तहत शिक्षक सोनवानी सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कार्यालय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बिलासपुर द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी के प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार आनंदराम सोनवानी शिक्षक (एल.बी.) शासकीय कन्या आश्रम माध्यमिक शाला श्यांग को निलम्बित किया गया है। उनके विरूद्ध शिक्षिका तथा छात्राओं के द्वारा कलेक्टर से लिखित शिकायत की गई कि आनंदराम सोनवानी पीटी के दौरान लड़कियों को घूरते हैं एवं गंदी नजरों से देखते रहते है तथा सोनवानी सर का अध्यापन विषय समाजिक विज्ञान होने के बावजूद अनावश्यक विषयों के बारे में पूछते हैं तथा छात्राओं को पुलिस का नाम लेकर डराते हैं जिला शिक्षा अधिकारी को जांच दल गठित कर जांच करायी गई। जांच दल को श्री सोनवानी द्वारा सहयोग नहीं किया गया तथा कार्यवाही के दौरान अधिकारियों पर दबाव बनाते हुए जांच कार्य में व्यवधान उत्पन्न किया गया।

आनंदराम सोनवानी शिक्षक (एलबी) का उक्त कृत्य छग सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 की कण्डिका 3 के विपरीत गंभीर कदाचार की श्रेणी में आता है। एतद्वारा जिला शिक्षा अधिकारी कोरबा से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम-9 के तहत आनंदराम सोनवानी शिक्षक (एल.बी.) को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर उनका मुख्यालय विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय नियत किया गया है। निलंबन अवधि में इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

## अभा क्षत्रिय महासभा अधिवेशन में शामिल हुए राजपूत क्षत्रिय समाज के पदाधिकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा अधिवेशन 5 एवं 6 अक्टूबर को रायपुर सरोना में आयोजित किया गया। जिसमें देश के क्षत्रिय समाज के राज्य स्तरीय पदाधिकारी शामिल हुए। जिले से राजपूत क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष ठाकुर अवधेश सिंह अपने 16 सदस्यों के साथ अधिवेशन में शामिल हुए। ठाकुर अवधेश सिंह ने बताया कि अधिवेशन का मुख्य विषय समाज का विकास एवं विशेष रूप से समाज में गरीब तबके के सदस्यों के उत्थान के लिए योजना था। कार्यक्रम में उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं मौजूदा सांसद जगदंबिका पाल, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह, श्रीमती वीणा रमन सिंह, डॉ इला, टीएस सिंहदेव देव और बुंदेलखंड विधानसभा के विधायक राजू भैया उपस्थित थे। जिले से राजपूत क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष अवधेश सिंह के साथ सर्वोच्च न्यायालय अधिवक्ता डॉ एपी सिंह, ऑल इंडिया क्षत्रिय फेडरेशन के संगठन सचिव शशि सिंह, बच्चू सिंह, विजय सिंह, शैलेश सोमवंशी, दीपक सिंह, सुरेंद्र बहादुर सिंह, इंजीनियर अशोक सिंह, विजय सिंह, स्मिथ सिंह, अभय सिंह, राजेंद्र सिंह शामिल हुए।

## ग्रामीण यांत्रिकी विभाग में जूनियर को मिला एसडीओ का प्रभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरईएस) संभाग के कार्यपालन अभियंता पर नियम और कायदे को दरकिनार कर मनमानी करने के आरोप लगे हैं। विभाग में चहेते ठेकेदारों को उपकृत करने और जूनियर इंजीनियर को एसडीओ का प्रभार देने को लेकर अंदरखाने चर्चा तेज है।

जानकारी के अनुसार, विभाग में लंबे समय से टेंडर मैनेजमेंट का खेल चल रहा है। सूत्रों की मानें तो कुछ ठेकेदारों को बाजार दर से अधिक दरों पर काम देकर सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाया गया है। कार्यपालन अभियंता ने 2013 बैच के एक सब-इंजीनियर को एसडीओ का प्रभार दे दिया है, जबकि 2011 बैच के वरिष्ठ इंजीनियर उन्हीं के अधीन काम कर रहे हैं। विभागीय कर्मचारी इस निर्णय को पूरी तरह अनुचित और पक्षपातपूर्ण बता रहे हैं। स्कूल जतन योजना के तहत कराये गये जीर्णोद्धार एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य की रोकी गई राशि के भुगतान हेतु अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की चेतावनी ठेकेदारों ने दी है। कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग को लिखे आवेदन में समस्त ठेकेदारों ने कहा है कि स्कूल जतन योजना में कराये गये कार्यों की रोकी गई राशि के संबंध में ठेकेदारों ने कलेक्टर से भेंट कर राशि भुगतान के संबंध में मांग किया था जिस पर कलेक्टर ने भुगतान संबंधी निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी एवं कार्यपालन अभियंता को दिया था लेकिन कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा की हठधर्मिता के कारण आज तक भुगतान नहीं हो पाया है।

## मनरेगा में गड़बड़ी, सरपंच ने परिवार को बनाया मजदूर

**कोरबा।** जिले के विभिन्न जनपद क्षेत्र में मजदूरी के नाम पर मनरेगा में घोटाला जमकर हो रहा है। घोटाले के कई मामले चौंकाने वाले सामने आ रहे हैं जिसमें एक मामला जनपद पंचायत कोरबा के अंतर्गत भी सामने आया है। यहां बिना मजदूरी के ही सरपंच, उसके पति और सास, ससुर के नाम पर भुगतान कर दिया गया है। इसमें कोई संदेह नहीं कि मनरेगा में जिला मुख्यालय में बैठे जिम्मेदार लोगों के सांठगांठ से जनपदों में जमकर घोटाले का खेल खेला जा रहा है लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से छोटा-छोटा घोटाला कर इसे लाखों-करोड़ों का स्वरूप दे दिया गया है। पुष्ट सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक 65 हजार 511 रूपए का फर्जी मजदूरी भुगतान उजागर हुआ है। कोरबा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कटबितला की सरपंच श्रीमती अचला कंवर के नाम पर 16945 रुपए सरपंच पति विजय कुमार कंवर के नाम पर 16945 रुपए सरपंच के सास श्रीमती जानकी बाई के नाम पर 15680 रुपए एवं सरपंच के ससुर मनोहर सिंह के नाम पर 15941 रुपए का फर्जी मजदूरी भुगतान हुआ है। ग्राम पंचायत कटबितला की सरपंच एवं उनके परिवार वालों ने कोई मजदूरी ही नहीं की, फ़रि भी फर्जी मजदूरी भुगतान हुआ है। इसमें कई काम में मजदूरी भुगतान लिए हैं। पंचायत में प्रमुख तौर पर कूप निर्माण, तालाब निर्माण कार्य, भूमि सुधार आदि कार्य हुआ है जिसमें हाजिरी डालकर मजदूरी भुगतान लिया गया है।

# उरगा-कुसमुंडा नई लाइन का खाली मालगाड़ी चलाकर किया गया परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


फाइल फोटो

जिले में उरगा से कुसमुंडा तक बनाई गई 12.637 किलोमीटर लंबी नई विद्युतीकृत ब्रॉडगेज रेल लाइन पर पहली बार 30 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से मालगाड़ी चलाकर रेल अधिकारियों ने इस लाइन का परीक्षण किया। इसके साथ ही कोल प्रेषण के शुरू होने का रास्ता साफ हो गया है।

**खास बात**

- कोयला प्रेषण शीघ्र होगा शुरु

उरगा से कुसमुंडा तक 12.637 किलोमीटर लंबी नई विद्युतीकृत ब्रॉडगेज रेल लाइन रेल खंड छत्तीसगढ़ ईस्ट-वेस्ट रेल कॉरिडोर (गेवरा रोड-पेंड्रा रोड) नई रेल परियोजना का महत्वपूर्ण हिस्सा है। बतौर परीक्षण के लिए चलाई गई इस मालगाड़ी की गति सीमा 30 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित की गई थी। इस रेल लाइन पर अधिकतम गति सीमा 75 किलोमीटर तय की गई है, लेकिन इस गति से चलाने के लिए अनुमति अभी नहीं मिली है। फिलहाल इस मार्ग पर जो भी मालगाड़ी चलाई जाएगी उसकी गति 30 किलोमीटर प्रति घंटा से अधिक नहीं होगी। उरगा-कुसमुंडा बाइपास नई रेल लाइन का कार्य इरकॉन कंपनी ने किया है। 12.637 किलोमीटर लंबी इस रेल लाइन में 10.998 किलोमीटर का कार्य इरकॉन ने किया। वहीं शेष वर्किंग रेलवे के गतिशक्ति विभाग ने किया है। सिंगल रेल लाइन पर हसदेव नदी पर एक किलोमीटर लंबे रेल ब्रिज के साथ 2 लेवल क्रासिंग, 3 आरओबी के साथ 2 एचटी इलेक्ट्रिकल ओवरहेड क्रासिंग है। सिंगल बाइपास रेल लाइन पर दोनों तरफ से मलागाड़ी चलाई जाएगी।

### शहर की क्रॉसिंग पर दबाव हो जाएगा कम

कुसमुंडा खदान का कोयला साइडिंग से सीधे बाइपास होकर उरगा पहुंचेगा। वहीं उरगा से खाली रैक कुसमुंडा खदान पहुंचेगा। समान्य मौसम में कुसमुंडा से रोजाना 10 से 12 रैक कोयला प्रेषित होता है। वहीं इतनी ही खाली मालगाड़ी साइडिंग पहुंचती हैं। परीक्षण होने के बाद अब जल्द ही इस ट्रैक पर मालगाड़ी नियमित चलने लगेगी। ऐसा होने के साथ ही कोरबा शहर के बीच से गुजरी रेल लाइन पर मालगाड़ी का दबाव कम होने के साथ ही क्रासिंग पर लोगों को खड़े होकर इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

### निरीक्षण पश्चात अधिकारियों ने दी थी हरी झंडी

नई रेल लाइन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण टीम में सीपीएम एसईसीआर, एडीआरएम बिलासपुर, डिप्टी सीई बिलासपुर मंडल और इरकॉन समेत बिलासपुर डिवीजन के संबंधित शाखाओं के अधिकारी शामिल थे। संबंधित पीएचओडी ने संयुक्त सुरक्षा ने प्रमाणित किया है कि सीटीई द्वारा अनुशंसित अधिकतम 30 किमी प्रति घंटे की गति से माल यातायात चलाना सुरक्षित है।

## जर्वे में श्रीनटराज युवा डांस प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी



करतला विकास खण्ड अंतर्गत के ग्राम पंचायत जर्वे में श्रीनटराज युवा डांस प्रतियोगिता का आयोजन माँ महामाया चौक में किया गया। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष श्रीमती अशोका बाई कंवर, सभापति जिला पंचायत श्रीमती सावित्री अजय कंवर, विशिष्ट अतिथि श्रीमति लक्ष्मीन बाई कंवर, जनपद सदस्य संतोष कंवर सरपंच ग्राम पंचायत जर्वे प्रेम बाई भरत लाल कंवर उप सरपंच जर्वे परमानंद कंवर पूर्व सरपंच जर्वे बाबूलाल कंवर पूर्व सरपंच एवं पंच उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अध्यक्ष अश्वनी कुमार चौबे, मनभवन सिंह ठाकुर एवं इस मंच संचालक विष्णु पटेल, अजय प्रजापति एवं महिला समिति ने इस कार्यक्रम की पूरी संचालन किया। डांस प्रतियोगिता में लगभग 45 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। ग्रुप डांस में प्रथम पुरुष्कार 10001 रुपये, द्वितीय पुरुष्कार 7001 रुपये तृतीय पुरुस्कार 5001 रुपये चतुर्थ पुरुस्कार 3001 रुपये पंचम पुरुस्कार 2001 रुपये षष्ठम पुरुस्कार 2501 रुपये सप्तम पुरुस्कार 2001 रुपये और एकल एवं युगल डांस प्रतियोगिता में प्रथम पुरुस्कार 3001 रुपये द्वितीय पुरुस्कार 2001 रुपये तृतीय पुरुस्कार 1001 रुपये पुरुस्कार रखा गया था। इस कार्यक्रम को देखने के लिए आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुचे हुए थे। कार्यक्रम का आयोजन समस्त ग्रामवासी ग्राम जर्वे और महिला समुह का विशेष सहयोग रहा एवं समस्त ग्रामवासी के संयुक्त तत्वधान में सम्पन्न हुआ।

## कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद ने ली कायाकल्प अभियान की बैठक, नेता प्रतिपक्ष डॉ.महंत, पूर्व मंत्री श्री अग्रवाल रहे शामिल

# कांग्रेस जिला अध्यक्षों के लिए तय किए गए निर्धारित मापदण्डः खुंटिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक लेते एआईसीसी पर्यवेक्षक श्री खुंटिया।

कांग्रेस जिला अध्यक्षों के निर्धारित मापदंड तय किये गये हैं। जिसके तहत जिला अध्यक्ष उम्मीदवार के पास संगठन में लगातार 5 वर्षों तक कार्य करने का अनुभव होना चाहिए, उम्मीदवार की छवि साफ सुथरी होनी चाहिए तथा गुटबाजी से दूर रहने वालों को प्राथमिकता दी जायेगी। प्रत्येक जिले में 6 लोगों का पैनल बनाकर भेजेंगे। डीसीसी अध्यक्षों की नियुक्तियों में प्रदेश के 41 संगठन जिले में एससी, एसटी, ओबीसी, महिला एवं सामान्य वर्ग को पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया जायेगा। डीसीसी अध्यक्षों की नियुक्ति दी जाने के बाद पार्टी की अन्य ईकाईयाँ जैसे ब्लॉक कमेटी, मंडल कमेटी में नियुक्तियाँ की जाएगी।

उक्त बातें कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूर्व सांसद एआईसीसी के कोरबा पर्यवेक्षक डॉ.आरसी खुंटिया ने जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित संगठन में कायाकल्प अभियान के दौरान कही। उल्लेखनीय है कि जिले के वरिष्ठ पार्टी नेताओं, जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण एवं शहर, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, किसान कांग्रेस सहित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोरबा ग्रामीण एवं पाली ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों के साथ श्री खुंटिया ने बैठक ली। बैठक में डॉ.आरसी खुंटिया ने जिले के दोनों संगठन जिले में आशाजनक वैचारिक रुप से प्रतिबद्ध नेतृत्व को विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ.आरसी खुंटिया ने जिले के सभी कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ अलग-अलग बैठक कर जिला अध्यक्ष चयन पर उनकी पसंद या नापसंद को जाना। बैठक को सम्बोधित करते हुए डॉ आरसी खुंटिया ने कहा कि राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने संगठन सृजन अभियान के तहत देशभर में संगठन के कायाकल्प अभियान पर अमल करने की आवश्यकता बताया है। जिला कांग्रेस कार्यालय टीपी नगर में 5 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक लगातार बैठकों का दौर चलता रहा है। जिसमें कांग्रेस के अनेक विभाग एवं प्रकोष्ठ के संगठन के साथ बैठक ली गई। बैठक में नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरण दास महंत, सांसद ज्योत्सना महंत, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, पीसीसी पर्यवेक्षक पूर्व मंत्री मोहन मरकाम, पूर्व सांसद छाया वर्मा, पूर्व विधायक राजेन्द्र तिवारी, प्रदेश सचिव विकास सिंह, बीएन सिंह, प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारी सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, श्याम सुंदर सोनी, जिला अध्यक्ष नत्थूलाल यादव, मनोज चौहान, पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद, पूर्व अध्यक्ष हरीश परसाई एवं सपना चौहान सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### महिला कांग्रेस की बैठक आज

**कोरबा।** 8 अक्टूबर की सुबह 10.30 बजे कांग्रेस कार्यालय टीपी नगर में महिला कांग्रेस (शहर एवं ग्रामीण) की बैठक के बाद दोपहर 12 बजे पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक बांगो विश्राम गृह में तथा शाम 4.30 बजे करतला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक भारत भवन करतला में आयोजित है।

### वर्ल्ड जू-जित्सु चैम्पियनशिप में स्नेहा करेंगी राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व



**कोरबा।** सहारनपुर उत्तरप्रदेश में 9 से 12 अक्टूबर तक आयोजित होने जा रही जू-जित्सु नेशनल चैम्पियनशिप में भाग लेने के लिए राज्य की टीम मंगलवार को रवाना हुई, जिसका नेतृत्व जू-जित्सु संघ के महासचिव राणा अजय सिंह करेंगे। जिले की खिलाड़ी स्नेहा बंजारे जिन्होंने हाल ही में आयोजित सीनियर स्टेट जू-जित्सु चैम्पियनशिप में फाइट कॉन्टेक्ट और नेवाज़ा दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की थी, अब राष्ट्रीय स्तर पर अपनी क्षमता दिखाने जा रही हैं। उन्होंने इंटरनेशनल कराटे चैम्पियनशिप फुजैरा (यूएई) में रजत पदक, कूडो के राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट्स में स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। जू जित्सु संघ जिला प्रभारी अविनाश बंजारे, जिला अध्यक्ष जू जित्सु एवं लेवल अप एमएमए अकादमी प्रेमराज बंजारे, सचिव आयुष निराला, सहसचिव देवाशीष कश्यप एवं रानी मरकाम, ईशा सोनवानी ने कहा कि स्नेहा जैसी प्रतिभाशाली खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हमारे राज्य का नाम रोशन कर रही हैं। उनकी मेहनत और लगन आने वाले समय में एशियन गेम्स जैसे बड़े मंचों पर छत्तीसगढ़ की पहचान बनाएगी।

### ग्राम रंजना पहुंचा महंत परिवार



**कोरबा।** सांसद प्रतिनिधि सुकलाल जायसवाल के ज्येष्ठ भ्राता बाबूलाल जायसवाल के असामयिक निधन होने पर शोक संतप्त परिवार से मिलने छग विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत एवं उनके सुपुत्र सूरज महंत रविवार को रंजना ग्राम पहुंचे। महंत परिवार ने स्व. बाबूलाल जायसवाल के परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। इस दौरान श्री महंत ने ग्राम जेंजरा में स्थापित पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान संजारी-बालोद की विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा, पूर्व विधायक श्री विनय जायसवाल, मोहित केरकेट्टा, पुरुषोत्तम कंवर, सहित कांग्रेस नेता पोषक दास महंत, प्रशांत मिश्रा, तनवीर अहमद, कांग्रेस नेता दिलीप सिंह, सूरज दास मानिकपूरी, तारकेश्वर मिश्रा, अफजल अली, विनोद अग्रवाल, आकाश शर्मा, सरपंच श्रीमती ममता मरकाम, धर्मराज मरकाम, रामकुमार श्रीवास, दिलेश्वर आदिले अमनदीप व रंजीत सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बालको अस्पताल में अब प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी की सुविधा उपलब्ध




**कोरबा।** राजधानी तक सीमित प्लास्टिक और रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी की आधुनिक सुविधाएँ अब जिले के बालको अस्पताल में उपलब्ध हैं। अस्पताल में नए प्लास्टिक सर्जन डॉ. सी साई कुमार के जुड़ने से जिले के मरीजों को बड़े शहरों तक जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। डॉ. कुमार जो शिजा हॉस्पिटल एंड रिसर्च इंस्टिट्यूट, इम्फाल से प्रशिक्षित हैं। 6 वर्ष के अनुभव के साथ चेहरे की पुनर्निर्माण सर्जरी, जन्मजात विकृतियों का उपचार, दुर्घटना या जलने के बाद सुधारात्मक सर्जरी और कॉस्मेटिक सर्जरी में विशेषज्ञता रखते हैं। बालको अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.विवेक सिन्हा ने कहा कि अब नाक, चेहरे, गाल, कान, ठुड्डी, होंठ और ब्रेस्ट जैसी जटिल सर्जरी भी जिले में ही संभव होगी। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक सर्जरी केवल शरीर को आकर्षक रूप देने तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे मरीजों का आत्मविश्वास भी बढ़ता है। डॉ. सिन्हा ने कहा कि बालको अस्पताल का उद्देश्य जिले के लोगों को घर के नजदीक ही उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना है। प्लास्टिक सर्जरी दुर्घटना, आग या तेजाब से घायलों के लिए भी वरदान साबित हो रही है।

## निधन

### संतोष श्रीवास



**कोरबा।** नगर पंचायत पाली के वार्ड क्रमांक 3 निवासी संतोष श्रीवास (42 वर्ष) का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार पाली स्थित मुक्तिधाम में दोपहर 3.30 बजे किया गया। इस दौरान परिवार परिजन सहित गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

### मामला ग्राम पंचायत उमरेली का, मवेशियों के फंसने पर निकाला जाता है टैक्टर से

# राखड़ डंपिंग बना मौत का दलदल मवेशियों की हो रही है मौत



मार्ग में राखड़ डंपिंग में फंस में रहे वाहन और मवेशी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरेली

ग्राम पंचायत उमरेली करतला जनपद पंचायत के बड़े पंचायत में से एक है, ग्राम पंचायत में कई स्थानों पर रखड़ का डंपिंग किया गया जो आज पालतू मवेशी सहित आवारा मवेशियों की आफत बनी हुई है। पूरा मामला यह है की ग्राम पंचायत में तो वैसे लगातार विकास की रफ्तार अपने पूरी गति में है लेकिन इसी गति में कुछ ऐसी गलतियां या खामियां या लापरवाही देखी जा रही है जो आज आवारा मवेशियों के जान पर बनाई है।

ग्राम पंचायत उमरेली यूं तो चांपा शक्ति मार्ग पर स्थित है और इसी मार्ग से कुछ दूरी पर हाई स्कूल नवीन महाविद्यालय, उचित मूल्य की दुकान, पोस्ट ऑफिस आदि इसी रास्ते पर निर्माण हुआ है। जिस पर ग्राम पंचायत की नवीन पंचायत भवन का निर्माण कार्य भी जारी हुआ है। जहां राखड डंपिंग किया गया है जिस पर रखड़ पूरी तरह से दलदल में तब्दील हो चुका है जिसमें आए दिन आवारा मवेशियों को अपनी जान जोखी में डालनी पड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां लगभग पांच मवेशी इसी तरह फस चुके हैं और फंसने के बाद उसे ट्रैक्टर से खींचा निकाला जाता है। ट्रैक्टर से खींचने पर मवेशियों की आंख नाक कान मुंह आदि में चोट पहुंचती और वह तड़प तड़प कर मवेशियों मर जाती है। जिससे स्थानीय लोगों में जन आक्रोश बनता जा रहा है। शासन प्रशासन सहित जनप्रतिनिधि इन पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इस राखड डंपिंग का तो भगवान ही भरोसे है। स्थानी लोगों ने मांग करते हुए कहा है कि जब तक बरसात है तब तक इस पर रखड़ डंपिंग को चारों तरफ से घेर लगाया जाए जिससे आवारा मवेशी इस दलदली राखड़ की चपेट में ना आए और पशुओं की जान ना जाए।

### पोड़ी-उपरोड़ा में अवैध राखड़ डंपिंग पर रोक लगाने की मांग

तहसील पोड़ी-उपरोड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत पोड़ी उपरोड़ा में शंकर ट्रांसपोर्ट द्वारा अवैध रूप से राखड़ डंपिंग किए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में भारतीय युवा कांग्रेस के विधानसभा पाली-तानाखार अध्यक्ष अंकित सिंह पाल ने अनुविभागीय अधिकारी पोड़ी उपरोड़ा को शिकायत पत्र सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में बताया गया है कि ग्राम पंचायत पोड़ी उपरोड़ा के चीर घर और टोनी ढाबा के समीप शंकर ट्रांसपोर्ट द्वारा नियमों को दरकिनार कर राखड़ डंप किया जा रहा है। डंपिंग स्थल के पास ही नाला है, जिसका पानी ग्रामीण दैनिक उपयोग में लाते हैं। ऐसे में राखड़ गिरने से जलस्रोत दूषित होने का खतरा है। वहीं राखड़ उड़ने से क्षेत्र में प्रदूषण फैल रहा है और राखड़ सड़क (एचएच-130) पर फैलने से दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है। अंकित सिंह पाल ने कहा कि यदि सात दिनों के भीतर राखड़ डंपिंग पर प्रतिबंध नहीं लगाया गया और संबंधित परिवहनकर्ता के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई, तो भारतीय युवा कांग्रेस उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।



### भाषण प्रतियोगिता में प्रभात ने मारी बाजी




कार्यक्रम में उपस्थित एनएसएस के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

सेवा पखवाड़ा के तारतम्य में शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में गांधी जयंती तथा शास्त्री जयंती को उत्सव के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर चित्रकला, निबंध तथा भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी शिव कुमार दुबे ने कार्यक्रम की भूमिका रखते हुए अतिथियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ अनिल पांडेय ने मंच को संबोधित करते हुए आधुनिक भारत के निर्माण में महात्मा गांधी और शास्त्री के योगदान को रेखांकित किया। इसके पश्चात छात्र छात्राओ के द्वारा गांधी व शास्त्री पर आधारित चित्रकला निबंध लेखन तथा भाषण के माध्यम से भाव व्यक्त किए गए। भाषण प्रतियोगिता में प्रभात कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर साहिल पाटले तथा तृतीय स्थान पर अखिलेश कुमार रहे। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को महाविद्यालयीन वार्षिकोत्सव में प्रमाण तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर निर्णायक मंडल के रूप में डॉ रानू राठौर, डॉ अर्चना बोरकर, डॉ अनु रमन उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक प्राध्यापक अंजली कंवर, श्रवण कुमार, मुकेश कुमार, संजना, साक्षी राठौर, लक्की साहिल, सौरभ, प्रियांशु अखिलेश का सक्रिय योगदान रहा।

### सुविधा केंद्र व सीएससी से मिलेगी सुविधा



**हरदीबाजार।** पाली विकासखंड के ग्राम पंचायत बोईदा में विधायक प्रतिनिधि दुष्यंत शर्मा व सरपंच संजय राज ने अटल डिजिटल सुविधा केंद्र (सीएससी) भवन निर्माण से पहले भूमिपूजन किया। शासन द्वारा इसके लिए 5 लाख की स्वीकृति प्रदान किया गया है, ग्रामीण क्षेत्र होने की वजह से लोगों को काफी सुविधा मिलेगी ।इस दौरान अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## जय गंगे माता की आरती से गूंज उठा हसदेव नदी का सर्वमंगला घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



हसदेव तट पर आरती करते हुए।

शरद पूर्णिमा के अवसर पर मंगलवार की शाम गोधूलि बेला के अवसर पर हसदेव नदी का सर्वमंगला घाट माता गंगा की आरती से गूंज उठा। बीते एक पखवाड़े से नमामी हसदेव समिति के द्वारा इस आयोजन की तैयारी की जा रही थी। जिसके लिए शरद पूर्णिमा का समय तय किया गया था।

मंगलवार की शाम 4 बजे से नमामी हसदेव समिति के सदस्य सर्वमंगला के पुजारी परिवार के साथ कोरबा शहर और कुसमुंडा आदि उपनगरीय क्षेत्र के लोग भी सर्वमंगला मंदिर हसदेव नदी घाट पर पहुंचना शुरु हो गए थे। प्रत्येक पूर्णिमा के अवसर पर समिति के द्वारा हसदेव नदी की आरती की जाती है। जिससे मंदिर के आसपास का क्षेत्र माता गंगा की आरती से गूंज उठता है। शरद पूर्णिमा के दिन गंगा आरती का विशेष महत्व है इसे आत्मसात करते हुए नदियों के किनारे विभिन्न धार्मिक संगठनों के द्वारा गंगा आरती की जाती है। इसी तर्ज पर मंगलवार को हसदेव आरती का आयोजन किया गया था। गोधूलि बेला के शुरु होते ही बनारस से पहुंचे पंडितों के द्वारा हसदेव नदी की आरती जैसे ही शुरु की समूचा घाट जय गंगा माता की आरती से गूंज उठा। इस दौरान मौके पर उपस्थित जन समुदाय ने भी अपने घरों से लाये आरती को लेकर शामिल हुए और अपनी भागीदारी दी। हसदेव नदी के आरती के दौरान लगभग देर शाम तक मंदिर परिसर का माहौल भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा है। गोधूलि बेला में शुरु हुई आरती सूर्य अस्त होने के बाद समाप्त हुई। इस दौरान हसदेव नदी घाट का वातावरण आरती की लव से जगमगा उठा।

### अग्रवाल सभा में मनाया गया शरद पूर्णिमा का पर्व



अग्रवाल सभा के द्वारा श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में शरद पूर्णिमा उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अग्रवाल महिला मंडल के द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन किया गया था। जिसमें अग्रवाल महिला मंडल की श्रीमती मनीष मोदी व श्रीमती अर्चना अग्रवाल ने भजनों की प्रस्तुति दी गई जिसमें भगवान श्रीकृष्ण के भजनों के प्रस्तुति ने समा बांध दिया। इसके साथ ही भजनों पर आधारित होजी का आयोजन किया गया। विभिन्न उपहार के साथ भक्ति में कार्यक्रम में जहां अग्रबंधु के साथ महिलाओं ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इसके साथ ही गरबा का यह आयोजन किया गया। जिसमें अग्र महिलाओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर अग्रवाल सभा अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि शरद पूर्णिमा में रात के समय चंद्रमा से अमृत की बरसात होती है जिसमें प्रसाद रूपी खीर को रखा जाता है।

## बच्चों ने बनाए आकर्षक चित्र, वन्यजीव संरक्षण का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

**खास बात**
- राष्ट्रीय वन्यजीव सप्ताह पर आयोजित हुआ जागरुकता कार्यक्रम



कार्यक्रम में उपस्थित वन विभाग के अधिकारी व छात्र।

भारत में हर वर्ष 2 से 8 अक्टूबर तक राष्ट्रीय वन्यजीव सप्ताह मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य देशभर में वन्यजीवों के संरक्षण, जैव विविधता की सुरक्षा और पर्यावरण संतुलन के प्रति जनजागरूकता फैलाना है। इसी कड़ी में 71वें राष्ट्रीय वन्यजीव सप्ताह 2025 के अवसर पर कटघोरा वनमंडल के कटघोरा वनपरिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम डोंगरी स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम स्कूल में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के सभाकक्ष में किया गया। जिसमें कटघोरा रेंजर अशोक मन्नेवार और प्रशिक्षु रेंजर दिलरुबा ए. बानों मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने स्कूली बच्चों को वन्यजीवों की महत्ता, वृक्षों की भूमिका और पर्यावरण संरक्षण के विषय में विस्तार से जानकारी दी। विद्यार्थियों को वीडियो प्रेजेंटेशन के माध्यम से वन्यजीवों के संरक्षण और उनसे जुड़ी चुनौतियों के बारे में अवगत कराया गया। प्रशिक्षु रेंजर दिलरुबा ए. बानों ने बच्चों को वर्षा ऋतु में पाये जाने वाले जहरीले जीव-जंतु जैसे सांप, बिच्छू आदि से सुरक्षित रहने के उपाय बताए। साथ ही उन्होंने पौधों और वृक्षों की पारिस्थितिकीय भूमिका तथा मानव जीवन में उनके महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें स्कूली बच्चों ने पहाड़, पेड़-पौधे, वन्यजीव और प्राकृतिक दृश्यों को दर्शाते हुए सुंदर व आकर्षक चित्र बनाए। इन चित्रों के माध्यम से बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण और वन्यजीवों के प्रति अपनी संवेदनशीलता को प्रदर्शित किया। इस अवसर पर कटघोरा वनपरिक्षेत्र के डिप्टी रेंजर सुखदेव मरकाम, प्रदीप सिंह वाकरे, कृष्णा बिंझवार, महेंद्र जायसवाल, विजय चौहान, तथा विद्यालय के प्राचार्य अशोक पाटले, वरिष्ठ व्याख्याता के. उगरराज, अनिल पद्मासे, आर. आर, तिवारी, नीतू बंजारे, एस. के. टंडन, राजेन्द्र राठौर, मीरा एक्का, संतोष कुमार कंवर, अर्जुन सिंह कंबर, हेमलता यादव, निलिमा कंवर, किरण कंवर, अनिता, रंजीता कंवर, और ज्ञानेश्वर पांडे सहित बड़ी संख्या में शिक्षकगण और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## शहर की जर्जर सड़कों के सुधार के लिए सभापति ने कलेक्टर व आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**
- 7 दिन का दिया अल्टीमेटम, नहीं तो करेंगे आंदोलन



नूतन सिंह

नगर निगम सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने कहा कि शहर के मुख्य प्रवेश मार्ग गौमाता चौक, ईमलीछापर चौक तथा कटघोरा रोड की स्थिति अत्यंत जर्जर हो चुकी है। इन मार्गों पर दुर्घटना, वाहन चालकों के रोज़ाना गिरकर घायल होने की खबरें सामने आ रही है। शहर के मुख्य एंट्री पॉइंट की दूर्दशा से सरकार की बदनामी हो रही है। उक्त तीनों प्रवेश मार्ग के सड़कों के निर्माण एवं रखरखाव के लिए जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी विभाग की है। बारिश का बहाना बनाकर ये विभाग लापरवाही एवं कर्तव्यविमुढता से नहीं बच सकते क्योंकि इसी देश के इंजीनियर पानी के भीतर बड़े-बड़े निर्माण कार्य कर रहे हैं।

यदि जिम्मेदारी विभाग के अधिकारियों काम नहीं कर पा रहे हैं तो खनिज मद से राशि स्वीकृत कर नगर निगम को कार्य एजेंसी बनाया जाए तथा मुख्य प्रवेश मार्गों का निर्माण एवं रखरखाव की जिम्मेदारी निगम को दिया जाए। निगम सभापति श्री ठाकुर ने कहा है कि शहर के मुख्य प्रवेश मार्गों की दुर्दशा एवं गड्ढों में गिरकर लोगों के घायल होने की घटनाओं को आंख मूंदकर नहीं देख सकते हैं।

कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर एक सप्ताह के भीतर इन प्रवेश मार्गों में स्थित जानलेवा गड्ढों की मरम्मत एवं नवनिर्माण की मांग की गई है। तय समय पर जर्जर सड़कों का मरम्मत कार्य नहीं होने पर आम जनता के साथ मिलकर आंदोलन किया जाएगा।

## आदेश के बाद भी ग्राम सभा का नहीं हुआ आयोजन, गंभीर नहीं दिखे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ करतला




करतला विकासखंड के ग्राम पंचायत जर्वे में सरपंच और सचिव के उदासीनता के कारण इस वर्ष एक बार भी ग्राम सभा का आयोजन नहीं किया जा सका है। जबकि इसी माह अक्टूबर में इस वर्ष का चौथा अनिवार्य ग्राम सभा 2 अक्टूबर को आयोजित किया जाना था। जिसे पंचायती राज अधिनियम के तहत बैठक आहूत करना अनिवार्य होता है।

पंचायती राज अधिनियम 1993 के अनुसार वर्ष में कम से कम चार बार बैठक आयोजित करना अनिवार्य है। किंतु बैठक 23 जनवरी, 14 अप्रैल, 20 अगस्त और 2 अक्टूबर को होती हैं। इसके अतिरिक्त, जून और नवंबर के महीनों में भी सुविधाजनक तिथियों पर ग्राम सभा की बैठक आयोजित की जा सकती है।

चुंकि माह फरवरी में चुनाव सम्पन्न होने के बाद अप्रैल, अगस्त और अक्टूबर माह में सामान्य ग्राम सभा आयोजित की गई और साथ ही कलेक्टर के आदेश पर 25 जून को विशेष ग्राम सभा का आयोजन सभी पंचायतों में किया गया है। कलेक्टर के निर्देश पर ग्राम सभा के आयोजन का आदेश सभी पंचायतों में जनपद सीईओ द्वारा जारी किया जाता है और एक शासकीय कर्मचारी को सभी पंचायतों में सभा आयोजन के लिए प्रभारी बनाया जाता है। साथ ही उनके द्वारा ग्राम सभा आयोजित कर कार्यवाही का विवरण, फोटो, वीडियो सहित जनपद कार्यालय में जमा करने का आदेश दिया जाता है।

### नियमित नहीं आते सचिव

ग्राम पंचायत जर्वे के सचिव शोभितराम राठिया के दर्शन पंचायत में कभी कभार ही हो पाते हैं जिससे ग्रामीणों को अपने कार्य के लिए बहुत ज्यादा परेशान होना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि सचिव मुख्यालय में नहीं रहते और बहुत कम पंचायत में आते हैं और फोन करने पर फोन भी नहीं उठाते जिसकी वजह से ग्रामीणों को अपने काम के लिए पंचायत के कई बार चक्कर लगाना पड़ता है फिर भी उनका काम नहीं हो पाता है।

### जर्वे में नहीं हुआ ग्राम सभा

फरवरी में चुनाव सम्पन्न होने के बाद 8 माह में अभी तक ग्राम पंचायत जर्वे में एक भी बार ग्राम सभा का आयोजन नहीं किया जाना सरपंच, सचिव व संबंधित अधिकारियों की लापरवाही को साफ साफ उजागर करता है। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि संबंधितों को कलेक्टर के आदेश की कोई परवाह ही नहीं है तभी उनके आदेश को दरकिनार करते हुए अभी तक एक भी ग्राम सभा आयोजित नहीं किया गया है।

### नर्सिंग होम एक्ट के तहत मेडिकल स्टोर व लैब सील

**बलरामपुर।** कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के निर्देशन में जिले में अवैध रूप से संचालित क्लिनिक, पैथोलैब, नर्सिंग होम एवं मेडिकल स्टोर में उपचार करने वालों झोला छाप डॉक्टरों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के नेतृत्व में जिला मुख्यालय बलरामपुर में निरीक्षण कर अवैध रूप से उपचार करने वाले संस्थाओं पर नियमानुसार कार्रवाई की गई। स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा नगरपालिका क्षेत्रान्तर्गत सृष्टि मेडिकल स्टोर एवं नीलम हाईटेक डायग्नोस्टिक कलेक्शन सेंटर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सृष्टि मेडिकल स्टोर के संचालक द्वारा मेडिकल स्टोर में अवैध रूप से उपचार करना एवं बगैर फार्मासिस्ट के दवाओं का विक्रय करना पाया गया।

पृष्ठ 1 का शेष

### गम्मत व रावण दहन ...

खरमोरा गेट पोड़ीबहार निवासी विशाल सोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह रूमगढ़ा पॉलटेकनिक कॉलेज में पढ़ाई करता है। वह अपने पिता के मोटर सायकल हिरो ग्लेमर क्रमांक सीजी-12, बीई-4772 को लेकर 2 अक्टूबर की रात लगभग 8 बजे अपने घर से एसबीएस कॉलोनी दशहरा देखने के लिए निकला और एसबीएस कॉलोनी के स्कूल के सामने मे अपने मोटर सायकल को पार्किंग कर करीबन 8:30 बजे के आसपास दशहरा रावण दहन देखने अंदर चला गया। जब रावण दहन होने के बाद रात्रि करीबन 11 बजे के बाहर आकर अपना मोटर सायकल को देखा तो जहाँ खड़ा किया था वहाँ पर नहीं था। प्रार्थी विशाल सोनी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर चोरों की पतासाजी शुरु कर दी है।

TOP IN KORBA

GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2025-26
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

## खबर संक्षेप

### ग्राम छिन्दपुर में बिजली संकट दो स्पान केबल लगाने की मांग

**हरदीबाजार।** भाजपा युवा मोर्चा के जिला कार्यसमिति सदस्य कृष्णानंद राठौर ने ग्राम पंचायत छिन्दपुर में बिजली की समस्या पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने सीएसपीडीसीएल दीपका कार्यालय को आवेदन देकर उपस्वास्थ्य केंद्र से प्रायमरी स्कूल तक केवल एक फेस केबल बिछाई गई है। केबल पर वेल्डिंग मशीन चलाने पर ओवरलोड की समस्या उत्पन्न हो रही है, जिससे बिजली की लाइट अप डाउन हो रही है और वोल्टेज कम होने के कारण कूलर व पंखे का मोटर खराब हो रहे हैं। उन्होंने ग्राम पंचायत छिन्दपुर में दो स्पान केबल बिछाने की मांग की है ताकि ग्रामीणों को नियमित और सुरक्षित बिजली मिल सके।

### महिला के गले से सोने के चैन की स्नेचिंग, जुर्म दर्ज

**कोरबा।** बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत इंदिरा मार्केट भदरापारा निवासी श्रीमती द्रौपती देवी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 30 सितंबर को रात्रि 8 बजे जब वह अपने बेटे शंकर लाल अग्रवाल के दुकान के स्टाफ सहदेव कुमार पाटनवार के साथ सेक्टर 3 बालको स्थित दुर्गा पंडाल में दुर्गा देखने गयी थी। तब वह अपने गले में एक पुराना सोने का चैन पहनी थी। रात्रि 8.30 बजे जब द्रौपती देवी दुर्गा देखकर अपने घर वापस आयी तो देखी कि उसके गले में पहना हुआ उक्त सोने का चैन नहीं था। जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा भीड़ का फायदा उठाकर चोरी कर ले गया है। मामले में द्रौपती देवी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर खोजबीन शुरु कर दी है।

### निर्माण सामग्री की चोरी मामला दर्ज

**कोरबा।** सर्वमंगला चौकी क्षेत्र अंतर्गत सर्वमंगला मंदिर के पीछे ठेका कंपनी का काम चल रहा है जिसके सुपरवाइजर हरेराम सिंह उम्र 39 वर्ष पिता अमर सिंह ने चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि पिछले तीन वर्षों से सर्वमंगला माता मंदिर की पीछे रेल्वे पुल का कार्य इर्रुफान इंटरनेशनल लिमिटेड के अंतर्गत जेटवर्क मैन्युफैक्चरिंग के द्वारा रेल्वे का कार्य किया जा रहा है जिसमें लोहे का पुल ब्रान 6 लिफ्ट सर्वमंगला माता मंदिर के पास बनाया जा रहा है उसी के पास ब्रान एस बी पर एक लोहे का तैयार हाईट गेज रखा था जिसको पेंट करके बी आर नंबर 6 पर लगाना था जिसका कुल वजन 6 से 8 एमटी था। 23 सितंबर की रात अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

### परिवार गया था मेला देखने, घर से चोरों ने हजारों का माल किया पार

**कोरबा।** करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम श्रीमार निवासी राम प्रसाद राठिया उम्र 31 वर्ष पिता दुबराज सिंह राठिया ने थाने में थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह राज मिस्त्री का काम करता है। 5 अक्टूबर की रात्रि लगभग 9.30 बजे उसकी मां को छोड़कर वह तथा उसके परिवार के सभी सदस्य डंगनेश्वरी मंदिर नोनबिर्रा मेला देखने गये थे। मेला देखकर 5-6 अक्टूबर की दरमियानी रात्रि लगभग 1.45 बजे वापस आये तो देखे घर के दरवाजे का किवाड़ एंव ताला टुटकर जमीन पर गिरा था, दरवाजा खुला था, घर अंदर जाकर देखा तो अलमारी का लॉकर टुटा था उसके अंदर रखा चांदी का पायल 2 नग, सोने का लॉकेट 4 नग, पैर का चांदी की अंगुठी 6 नग, हाथ का चांदी की अंगुठी 6 नग कीमती एवं नगदी रकम 20 हजार रुपए सहित कुल 65 हजार रुपए के माल पर अज्ञात चोरों ने हाथ साफ कर दिया है। प्रार्थी राम प्रसाद की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

### मारपीट, मामला दर्ज

**कोरबा।** उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कचोरा निवासी संजय दास उम्र 24 वर्ष पिता दिलहरण दास ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 5 अक्टूबर को ग्राम कोथारी अपने परिवार के साथ दशरहा देखने गया था। दशरहा देखकर घर वापस आया और अपने परिवार को घर में छोडकर वापस दशरहा देखने व घुमने के लिये ग्राम कोथारी गया हुआ था कि 6 अक्टूबर की रात में उसके बड़े साला जितेश दास और उसके एक अन्य साथी के साथ संजय दास का वाद विवाद हो गया। जिसके बाद जितेश दास ने संजय की पिटाई कर दी। मामले की शिकायत पर पुलिस ने मारपीट करने वाले आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

## डीएमएफ से 3 करोड़ 33 लाख रुपए की हुई स्वीकृत

# कोरबा और करतला ब्लॉक में शिक्षकों के लिए बनेंगे रेसिडेंसियल हॉस्टल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

जिले के ग्रामीण अंचल के स्कूलों में पदस्थ शिक्षकों को अब आवासीय व्यवस्था देने की भी तैयारी चल रही है। आवास की सुविधा नहीं होने के कारण दूरस्थ स्कूलों में पदस्थ शिक्षकों को ब्लॉक या जिला मुख्यालय से आना जाना करना पड़ता है। इस समस्या से अब निजात दिलाने की तैयारी शुरु करते हुए जिला प्रशासन ने डीएमएफ से कोरबा और करतला विकासखंड में रेसीडेशियल हॉस्टल के लिए 3 करोड़ 33 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है।

कोरबा और करतला ब्लाक अंतर्गत अधिकांश स्कूल दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में संचालित है। जहां बच्चों की दर्ज संख्या भले ही अपेक्षाकृत कम है लेकिन शिक्षकों की व्यवस्था शासन के मापदंडों के तहत की गई है। वर्तमान में प्रायमरी स्कूल से लेकर हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षकों की पदस्थापना युक्तियुक्तकरण के दौरान पूरी कर ली गई है। किंतु उक्त शिक्षकों के सामने रेसीडेशियल आवास को लेकर एक बड़ी समस्या सामने आयी है। शिक्षक ब्लॉक और जिला मुख्यालय से आना जाना करते हैं। अब ऐसे शिक्षकों को जो दूरस्थ स्कूलों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं उनको आवासीय सुविधा देने की तैयारी कर ली गई है। इसकी शुरुआत कोरबा और करतला विकासखंड से की जा रही है। इन दोनों विकासखंड अंतर्गत 8 रेसीडेशियल हॉस्टल तैयार किये जाएंगे जिसके लिए 3 करोड़ 33 लाख 59 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इन रेसीडेशियल हॉस्टल के बनने के बाद शिक्षकों का जिला और ब्लॉक मुख्यालय से आना जाना बंद होने के साथ मुख्यालय में रहना अनिवार्य हो जाएगा।

**खास बातें**

- ग्रामीण अंचलों के शिक्षकों को मिलेगी आवासीय सुविधा
- शासकीय कर्मचारियों के लिए ब्लॉक मुख्यालयों में बने हैं आवास

**आवासीय सुविधा पर चल रहा है काम**

शिक्षकों के अलावा अन्य सरकारी कर्मचारियों के लिए भी ब्लॉक मुख्यालय में आवासीय सुविधा की तैयारी चल रही है। कोरबा और करतला विकासखंड में शिक्षकों के लिए 8 रेसीडेंशियल हॉस्टल तैयार किए जाएंगे, जिसके लिए राशि स्वीकृत की गई है।

- अजीत वसंत, कलेक्टर

**इन स्कूलों में हैं पदस्थापना**

कोरबा और करतला विकासखंड के पहाड़ी क्षेत्रों में प्रायमरी और मिडिल स्कूल की संख्या ज्यादा हैं। जिसमें कोरबा विकासखंड अंतर्गत कुदरीचिंगर, बड़माड़, डोकरमना, लामपहाड़, सुरवे, सर्रीडेरा, भुरुमाटी, बोड़ानाला, कोरियाघाट एवं तिलाईडांड ऐसे स्थानों में स्कूल संचालित हैं। इनमें कोरियाघाट और सर्रीडेरा के रास्ते के नालों को पार कर पहुंचना पड़ता है। इसी तरह करतला विकासखंड के अंतर्गत गुरमा, मदनपुर, चांपा, घिनारा, कुदमुरा, श्यांग एवं जिल्गा जिनकी दूरी जिला मुख्यालय से 60 से 65 किमी है। ऐसे दूरस्थ क्षेत्रों में शिक्षकों की आवासीय सुविधा का रास्ता खुल चुका है।

**जगह का हो रहा चिन्हांकन**

रेसीडेंशल हॉस्टल बनाने के लिए दोनों विकासखंड के अंतर्गत जगह का चिन्हांकन किया जा रहा है। राजस्व विभाग और संबंधित क्षेत्र के आरआई व पटवारी को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। जगह का चिन्हांकन के बाद निर्माण एजेंसी को कार्य आबंटित कर दिया जाएगा। पहली बार शिक्षकों के लिए रेसीडेंशियल हॉस्टल का निर्माण हो रहा है अब तक केवल एक या दो शिक्षक आवास बना करते थे।

# कटघोरा वनमंडल में किसान लाख का कर रहे हैं पालन, होंगे मालामाल


फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा वनमंडल के विभिन्न वन परिक्षेत्रों में लाख पालन को बढ़ावा देने के लिए वन विभाग लगातार काम कर रहा है। इस साल विभाग ने विभिन्न वन परिक्षेत्रों में लगभग 13 सौ से अधिक किसानों द्वारा कुसुम और बेर के पेड़ पर लगभग 70 क्विंटल लाख विहान का संचरण किया है। आने वाले महीनों में यह लाख पूरी तरह से तैयार हो जाएगा और कृषक लाख को एकत्रित कर बाजार में बेचेंगे और मालामाल होंगे।

कटघोरा वनमंडलाधिकारी कुमार निशांत द्वारा वनांचल क्षेत्र में बसने वाले ग्रामीणों की आर्थिक दशा और दिशा बदलने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। इस कड़ी में अधिक से अधिक लोग लाख का पालन कर अतिरिक्त आय अर्जित कर सकें इस दिशा पर प्रयास किया जा रहा है। कटघोरा वनमण्डल के कार्यक्षेत्र कटघोरा, एतमानगर एवं पाली परिक्षेत्र के अन्तर्गत लाख पालन हेतु उपयुक्त वृक्ष- कुसुम प्रचुर मात्रा में विद्यमान है। वर्तमान सीजन 2025 में प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति कटघोरा, बिंझरा, कोडार एवं चटुवाभौना के अंतर्गत 135 कृषकों द्वारा 491 कुसुम एवं बेर वृक्षों में 9.25 क्विंटल बीहन संचरण किया किया गया है जिससे लगभग 32.00 क्विंटल लाख उत्पादन होगा। लाख कृषकों द्वारा उक्त लाख का विक्रय करने पर राशि रूपये 16 लाख आय अर्जित होगा। इसके अतिरिक्त वन धन विकास केन्द्र जटगा एवं डोंगानाला के अंतर्गत प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति जटगा, रावा, लाफा, कोडार, बतरा के अंतर्गत 1230 कृषकों द्वारा कुल 82508 पोषक वृक्षों में से 12124 वृक्षों में पूनिंग कराया गया है इसमें अनुमानित 61.60 क्वि. का बिहन संचारण करने पर अनुमानित 118.9 क्वि. लाख उत्पादन हो सकता है जिसका मूल्य लगभग 47.56 लाख होगा जिसमे स्थानीय लाख कृषक को अनुमानित राशि रुपए 3000-5000 तक प्रति वृक्ष आय अर्जित कर सकते है। जिसके कारण लाख पालन कार्य क्षेत्र में प्रगति आयेगी।

# सरकार की मत्स्य नीति के खिलाफ आदिवासी मछुआरों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


ज्ञापन सौंपने पहुंचे आदिवासी मछुआ महासंघ के सदस्य।

बुका जल विहार में आदिवासी मछुआरा संघ हसदेव जलाशय के बैनर तले फिरतू बिंझवार के नेतृत्व में पोढ़ी उपरोडा ब्लॉक के बांगो बांध परियोजना में स्थानीय आदिवासी विस्थापितों ने पोड़ी एसडीएम कार्यालय में एकत्रित होकर तहसीलदार के माध्यम से ज्ञापन सौंपकर हसदेव जलाशय में मत्स्य पालन हेतु जारी निविदा को रद्द करने की मांग की छत्तीसगढ़ किसान सभा ने बांगो डेम से प्रभावित विस्थापितों की मांगों का समर्थन करते हुए मत्स्य पालन हेतु जारी टेंडर को रद्द करने के साथ बांगो डेम से प्रभावितों को मछली पकड़ने का अधिकार देने की मांग की।

छत्तीसगढ़ किसान सभा के प्रदेश संयुक्त सचिव प्रशांत झा ने कहा कि हसदेव नदी पर बाँगो बांध का निर्माण किया गया जिसमे 58 आदिवासी बाहुल्य गाँव पूर्णतः डूब गए। उसके पश्चात विस्थापितों को मुआवजा तथा पुनर्वास देने में सरकार की गंभीर विसंगतिया सामने आई। तत्कालीन कलेक्टर ने विस्थापितों को आश्वासित किया था कि डूब क्षेत्र में सभी विस्थापित परिवार मछली पालन कर अपना जीवन यापन कर सकेंगे और इस क्षेत्र में कई मछुआरा सहकारी समितियों का गठन भी किया गया। गठन पश्चात विस्थापित परिवार रॉयल्टी के आधार पर 4-5 साल तक मत्स्य पालन किया लेकिन उसके बाद छत्तीसगढ़ सरकार ने बांगो बांध को ठेके पर देने का निर्णय लिया जिससे सीधे तौर पर मछली पालन हेतु बांध पर नियंत्रण निजी ठेकेदारों के पास चला गया और स्थानीय विस्थापित आदिवासी अपने ही जमीन और जल पर निजी ठेकेदारों के द्वारा मजदूर बना दिए गए पूरे जिले में विस्थापितों का दर्द एक ही है सरकार की नीतियों के करान ही जमीन के असली मालिक को उनको अपने ही जमीन पर सरकार सीधे मजदूर बना दे रही है और लगातार विस्थापन के शिकार किसानों की स्तिथि लगातार गंभीर बनती जा रही है। अगर सरकार आदिवासी मछुआरों की मांगे नहीं मानेगी तो सड़कों पर उतर कर आंदोलन को तेज करने की घोसना किसान सभा ने की। मछुआरों ने यह तय किया है कि वह ठेकेदार के लिए काम नहीं करेंगे और मत्स्य नीति में संशोधन के लिए अपनी लड़ाई जारी रखेंगे जिसके अंतर्गत मछली पालन रॉयल्टी आधार पर करने की मांग की। किसान सभा ने कहा कि सरकार टेंडर निरस्त नहीं करेगी तो मछुआरों को एकजुट कर मछली पकड़ने का अभियान चलाया जाएगा।

**खास बात**

- किसान सभा ने प्रभावितों को मछली पालन का अधिकार देने की मांग

# पथ संचलन से आरएसएस ने शौर्य अनुशासन का दिया संदेश


सीतामणी से निकाला गया आरएसएस का पथ संचलन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शौर्य, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का अद्भुत संगम मंगलवार को जिले की सड़कों पर देखने को मिला, जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ-संचलन पूरे जोश और गर्व के साथ निकला, सफेद शर्ट और खाकी पैंट में सजे अनुशासित स्वयंसेवकों के कदमताल से पूरा शहर गुंजायमान हो उठा, भारत माता की जय के नारों से गूंजते वातावरण में राष्ट्रप्रेम की अनूठी झलक देखने को मिली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर चित्रा टाकीज से होते हुए रानी रोड, अग्रसेन भवन, पुराना बस स्टैंड, मेन रोड होते हुए गायत्री स्कूल पुरानी बस्ती तक पथ संचलन हुआ। जगह-जगह स्वयं सेवकों का पुष्प वर्षा व ढोल-नगाड़ा से भव्य स्वागत हुआ। स्वयंसेवकों का भव्य पथ संचलन जब शहर की सड़कों से गुजरा, तो मानो पूरा नगर राष्ट्रभावना से सराबोर हो उठा. चारों ओर देशभक्ति के जयघोष गूंज उठे। संघ की स्थापना हिन्दू समाज को संगठित करने, जाति, प्रांत, भाषा और पंथ से ऊपर उठकर समरसता का भाव उत्पन्न करने के उद्देश्य की गयी। संघ ने दैनिक शाखा के माध्यम से व्यक्ति में चरित्र निर्माण, अनुशासन, सेवा, राष्ट्रभक्ति और त्याग की भावना को जागृत करता है।

# कायस्थ समाज की चित्रगुप्त पूजा समरोह 23 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कायस्थ समाज की बैठक सोमवार को कृष्णा नगर स्थित चित्रगुप्त मंदिर में आयोजित की गई थी। बैठक में सर्व सम्मति से विगत वर्षो की तरह ही इस वर्ष भी चित्रगुप्त पूजा समारोह का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में समाज को और शशक्त बनाने तथा शहर के उपनगरीय क्षेत्र कटघोरा, पाली, दर्री, बालको बांकीमोंगरा, गेवरा, करतला, उरगा, पोड़ी उपरोड़ा में निवासरत चित्रांशजनों को समाज से जोड़ने की दिशा आवश्यक कदम उठाने पर उपस्थितजनों ने जोर दिया, बैठक में समाज के जिला अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ कायस्थ महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष आकाश सक्सेना, जिला अध्यक्ष



मिथलेश वर्मा, शत्रुघन श्रीवास्तव, राजेश वर्मा, भरत प्रसाद, रंजीत सिन्हा, विश्वास निगम, राजेश श्रीवास्तव, बृजेश श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, राजेश सक्सेना, अंकित वर्मा, विकास सक्सेना उपस्थित थे।

डायबिटीज
के मरीज़ों के घावों की प्लास्टिक सर्जरी (स्कीन ग्राफ्टिंग) की विशेष सुविधा.

कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सैंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## करतला विकासखंड में एक मात्र नर्सरी से होता था फलों का उत्पादन

# एनएच के दायरे में आई थी पताढ़ी नर्सरी, तैयार की जाएगी नई नर्सरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


फाइल फोटो

उद्यानिकी विभाग की जिले के सभी पांचों विकासखंड में नर्सरी स्थापित है। जिनमें पताढ़ी की नर्सरी कोरबा चांपा एनएच निर्माण के दायरे में आने के कारण अधिकांश हिस्सा सड़क चौड़ीकरण की भेंट चढ़ गया था। उसकी जगह उद्यानिकी विभाग अब नई नर्सरी की तैयारी में जुट गया है। लंबे समय से जमीन की तलाश की जा रही थी जो करतला क्षेत्र में ही उपलब्ध कराई गई है।

गर्मी के मौसम में उद्यानिकी विभाग की नर्सरी से फलों की नीलामी के दौरान विभाग को आर्थिक आय हुआ करती थी। जिससे राज्य सरकार को राजस्व मिला करता था। इनमें सबसे ज्यादा आर्थिक आय देने वाली पताढ़ी नर्सरी मानी जाती है। किंतु कोरबा-चांपा नेशनल हाईवे निर्माण के दौरान पताढ़ी नर्सरी का अधिकांश हिस्सा इसके दायरे में आने के कारण विभाग की इस नर्सरी को काफी नुकसान हुआ। पुराने बड़े आम के बेशकीमती फल हटा दिये गये जो आर्थिक आय की आमदानी का जरिया हुआ करती थी। इसके अलावा अन्य फलदार पौधों की कटाई हो गई थी। परिणाम स्वरुप पिछले कुछ वर्षों से पताढ़ी नर्सरी से होने वाली विभाग को आय में गिरावट आ गई है। इसके मद्देनजर विभाग के द्वारा जब से नर्सरी को एनएच के दायरे में आने से नुकसान हुआ है तब से इसकी जगह नई नर्सरी के लिए जमीन की तलाश चल रही थी किंतु तकनीकी कारणों की वजह से पूरी नहीं हो पा रही थी। अब जाकर पताढ़ी नर्सरी के दिन फिर से बहुरने वाले हैं। उसकी जगह नई नर्सरी तैयार की जाएगी। जिसके लिए जमीन की तलाश भी पूरी की गई है।

**खास बात**

- जमीन की तलाश कर रहा था उद्यानिकी विभाग

**संसाधन व स्टॉफ की कमी**

उद्यानिकी विभाग नई नर्सरी तो तैयार कर लेता है किंतु उसके पास इस समय संसाधन और स्टॉफ की कमी होने के कारण नर्सरी की देखभाल सही तरीके से नहीं हो पाती। जिसकी वजह से विभाग को भी आने वाले प्रस्तावित कार्यों को लेकर योजना बनाने में तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। यही कारण है कि संसाधन और स्टॉफ की कमी के कारण उद्यानिकी विभाग अपनी नई योजनाएं तैयार नहीं कर पा रहा है। विभाग में लंबे समय से कर्मचारियों की भर्ती नहीं होने के कारण उन्हें तमाम तरह की कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411